अमर उजाला 2/11/19

## बास्केटबॉल : सर पदमपत सिंहानिया, डीपीएस, फातिमा कॉन्वेंट की टीमें जीतीं



बास्केटबॉल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करतीं सर पदमपत सिंहानिया स्कूल की प्रिंसिपल भावना गुप्ता।

**कानपुर।** केएसएस गर्ल्स बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सर पदमपत सिंहानिया, डीपीएस कल्याणपुर, डीपीएस आजाद नगर व फातिमा कॉन्वेंट स्कूल की टीमों ने अपने-अपने मैच जीते। प्रतियोगिता का आयोजन कमला नगर स्थित सर पदमपत सिंहानिया स्कूल में किया गया। शुभारंभ प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहले मैच में सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर ने मरियमपुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल को 30-4 से हराया। डीपीएस कल्याणपुर ने सुघर सिंह एकेडमी को 21-4 से हराया। डीपीएस आजाद नगर ने हर मिलाप स्कूल को 15-6 से व फातिमा कॉन्वेंट स्कूल ने गुरुनानक पब्लिक स्कूल लाजपत नगर को 1-0 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। पर्यवेक्षक के रूप में सुभाष पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य एसएसएन मिश्रा मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान 2/11/19

## सरपदमपत सिंघानिया क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**कानपुर।** कमला नगर स्थित सरपदमपत एजुकेशन सेंटर में केएसएस गर्ल्स बास्केटबाल प्रतियोगिता हुई। इसमें एक दर्जन से अधिक स्कूलों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने किया। पहले मैच में सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर ने मरियमपुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल को 30-4 से हराया, जिसमें सर पदमपत से अदिति ने 12 अंक किए। दूसरे मैच में डीपीएस कल्याणपुर ने सुघर सिंह एकेडमी को 21-4 से मात दी। तीसरे मैच में डीपीएस आजाद नगर ने हरमिलाप स्कूल को 15-6 से पटखनी दी। चौथे मैच में फातिमा कॉन्वेंट स्कूल ने गुरुनानक पब्लिक स्कूल को 1-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

दैनिक जागरण 2/11/19

## सर पदमपत सिंहानिया ने मरियमपुर को दी शिकस्त

**जासं, कानपुर:** सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर कमला नगर में शुक्रवार को केएसएस बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहले मुकाबले में सर पदमपत सिंहानिया की बालिका टीम ने मरियमपुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल को शिकस्त दी। मैच में सर्वाधिक 12 अंक आदिति ने हासिल किए। दूसरे मुकाबले में डीपीएस कल्याणपुर ने सुघर सिंह एकेडमी को 21-4 व डीपीएस आजाद नगर ने हरमिलाप स्कूल को 15-6 से हराया। विजयी टीमें क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आपस में भिड़ेंगी।